

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम की राज्य विकासी रोडमैप पर जन भागीदारी की पहल

**संवाददाता** देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड के चहुंमुखी विकास के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा निरंतर जन संवाद किया जा रहा है, जिससे पारिस्थिकी एवं आर्थिकी पर आधारित एक विकासी मॉडल बन सके। इस सार्थक संवाद की आवश्यकता उत्तराखंड निर्माण के 21 वर्ष बाद और भी बलवती हुई है। इस संवाद श्रृंखला को बोधिसत्व कार्यक्रम के माध्यम से भी संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री द्वारा इसी क्रम में 22 नवम्बर को युवाओं, महिलाओं, और सामाजिक संगठनो के साथ ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से संवाद किया जाएगा।

### पंडित जयतीर्थ मेवुंडी ने दी हिंदुस्तानी वोकल प्रस्तुति

**संवाददाता** देहरादून। स्पिक मैके ने आज जॉन मार्टिन मेमोरियल स्कूल के छात्रों के लिए पंडित जयतीर्थ मेवुंडी द्वारा हिंदुस्तानी वोकल प्रस्तुति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को एसआरएफ फाउंडेशन द्वारा समर्थित किया गया। पंडित जयतीर्थ मेवुंडी ने अपने मंत्रमुग्ध कर देने वाले हिंदुस्तानी गायन से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रस्तुति के दौरान उनके साथ हारमोनियम पर सुमित मिश्रा और तबले पर संतोष तेलुरकर रहे। पंडित जयतीर्थ मेवुंडी किराना घराने के प्रमुख गायकों में से एक हैं। वह ऑल इंडिया रेडियो में 'ए टॉप' श्रेणी के कलाकार हैं।

### दाईवा ने लॉन्च की सेमी ऑटोमैटिक वॉशिंग मशीन

**संवाददाता** देहरादून। दाईवा, तेजी से बढती हुई कंज्यूमर इलेक्ट्रनिक कंपनियों में से एक, ने सेमी ऑटोमैटिक वॉशिंग मशीन की नई रेंज लॉन्च कर अपनी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स श्रृंखला का विस्तार किया है। ये वॉशिंग मशीनें 7 से 8 किलोग्राम की चार नई रेंज में आ रही हैं। सेमी ऑटोमैटिक वॉशिंग मशीन का वजन 7.2 किलोग्राम है। इस श्रेणी में इससे ज्यादा भार की वॉशिंग मशीनें भी हैं। यह प्रॉडक्ट 2 साल की कॉम्प्रिहेसिव वॉरंटी के साथ आता है।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इंडसइंड बैंक के साथ साझेदारी की

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने, 'ग्राहक सबसे पहले' के अपने दर्शन के अनुपालन में आज एक करार पर दस्तखत किए जाने की घोषणा की। यह करार देश के अग्रणी, नए जमाने के बैंकिंग प्लैटफॉर्म इंडसइंड के साथ किया गया है ताकि देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इसके ग्राहकों के लिए रीटेल फाइनेंस संभव हो। इस गठजोड़ से इंडसइंड बैंक, भारत में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर द्वारा बेचे जाने वाले वाहनों की पूरी रेंज का प्राथमिकता वाला फाइनेंसर बन गया है।

# सत्ता का अहंकार जनता के संघर्ष के सामने झुका

**निशाना**

- कृषि कानून वापसी के ऐलान पर बोले हरीश रावत, ये है लोकतंत्र की जीत
- कृषि कानून को लेकर पहले से ही भाजपा सरकार पर हमलावर

**संवाददाता**

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीनों कृषि कानूनों की वापसी का ऐलान किया तो किसानों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। उन्होंने केंद्र सरकार का आभार जताया तो वहीं इसको लेकर राजनेताओं की प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस चुनाव संचालन अभियान समिति के अध्यक्ष हरीश रावत ने किसानों को बधाई दी और इसे लोकतंत्र की जीत बताया।

कृषि कानूनों के विरोध में देशभर में प्रदर्शन हो रहा है। उत्तराखंड भी इससे अछूता नहीं रहा। यहां के कुछ हिस्सों में किसान आंदोलन को समर्थन मिला और किसानों ने जगह–जगह प्रदर्शन किया। उन्होंने इसे काला कानून बताते हुए वापस लेने की मांग की।

**कृषि कानून रद्द होना जनता की विजयः नवप्रभात**

तीनों कृषि कानूनों के रद होने को कांग्रेस ने जनता और किसान की जीत बताया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने कहा कृषि कानून रद्द होना जनता के संघर्ष की जीत है। उन्होंने कहा केंद्र सरकार ने महंगाई बढ़ाकर वैसे ही जनता को बेहाल किया हुआ है। किसानों के लंबे आंदोलन के बाद और कांग्रेस के किसानों के साथ किए गए संघर्ष का ही नतीजा है कि तीनों कानून रद करने पड़े। आतिशबाजी करने वालों में पूर्व पालिकाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, शहर अध्यक्ष शम्मी प्रकाश, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य संजय जैन, ब्लॉक अध्यक्ष कुंवर पाल आदि शामिल रहे।

पूर्व सीएम हरीश रावत भी कृषि कानून को लेकर पहले से ही भाजपा सरकार पर हमलावर रहे। उन्होंने इस फैसले पर खुशी जताई।

पूर्व सीएम ने इंटरनेट पर साझा एक पोस्ट में लिखा, अहंकार से चूर सत्ता ने उन तीन काले कानून, जो किसानों का गला घोंट रहे थे, उन्हें वापस ले लिया है। ये किसान भाइयों की जीत है। उन एक हजार के करीब शहीदों की जीत है, जिन्होंने अपने प्राण दिए, ताकि उनको जीत हासिल हो। उन्होंने किसानों को इस जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा हम इसे लोकतंत्र की जीत मानते हैं, क्योंकि सत्ता का अहंकार जनता के संघर्ष के सामने झुका है।

**देश के किसानों से मांगी जाए माफीः गोदियाल**

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कृषि कानूनों की वापसी को देश के किसानों की जीत बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के किसानों और आम जनता से माफी मांगने के साथ ही किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों की मौत की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से त्याग पत्र भी देना चाहिए था। गणेश गोदियाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी समेत सभी विपक्षी दल सड़क से लेकर सदन तक लगातार किसानों की आवाज उठाते रहे, लेकिन केन्द्र की मोदी सरकार कुछ औद्योगिक घरानों के मित्रों को लाभ पहुंचाने की नीयत से किसानों के साथ–साथ विपक्ष की आवाज को दबाने का काम करते रहे।

वहीं, प्रदेश महामंत्री संगठन और वरिष्ठ प्रवक्ता मथुरादत्त जोशी ने कहा कि मोदी सरकार में देश का नौजवान और किसान अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर है और गरीब जनता भाजपा शासन में सबसे अधिक मायूस है। देश की जनता और देश का अन्नदाता उन्हें कभी माफ नहीं करेगा।

### सीएम धामी ने साक्षी फाउंडेशन के आध्यात्मिक गुरु प्रेम सुगंध से की भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को चम्पावत स्थित नखुडा (खरही) में साक्षी फाउंडेशन के आध्यात्मिक गुरु प्रेम सुगंध से उनके साधना केंद्र पर जाकर भेंट कर आशीर्वाद लिया।
इस अवसर पर मीडिया से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के मध्य 21 सालों से जो मामले लंबित पड़े थे, उन सब पर सहमति बन गई है। इसके लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। दोनों राज्यों के बीच परिवहन, सिंचाई, आवास, पर्यटन तथा लंबित परिसम्पतियों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बैठक हुई, सभी मामलों पर दोनों राज्यों की सहमति बनी। इस दौरान सांसद अजय टम्टा, विधायक पूरण फर्त्याल, जिलाधिकारी चम्पावत विनीत तोमर भी उपस्थित थे।

# सरकार राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्प

**शुभारंभ**

- 40वें भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने किया शुभारंभ

**संवाददाता**



देहरादून। शुक्रवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान मे चल रहे 40वें भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्तराखण्ड दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या एवं उत्तराखण्ड पैवेलियन में बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड के पर्यटन, तीर्थाटन, धार्मिक मेले एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर हंसध्वनि थियेटर में उत्तराखण्ड के कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। सांस्कृतिक सन्ध्या के माध्यम से राज्य की विशिष्ट संस्कृति का अवलोकन विभिन्न क्षेत्रों से आये दर्शकों द्वारा किया गया।

कोविड–19 के पश्चात् प्रथम बार आयोजित हो रहे भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य सरकार राज्य में निवेश को बढ़ावा देने तथा रोजगार सृजित करने के लिए कृतसंकल्प है। राज्य में निवेश अनुकूल वातावरण तैयार कर अधिकाधिक निवेश आकर्षित करने की दिशा में सरकार निरन्तर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि एकल खिड़की व्यवस्था के अन्तर्गत उद्योगों को निर्धारित समय–सीमा में सभी प्रकार की स्वीकृतियां तथा अनापत्तियां प्रदान किए जाने हेतु एकल खिड़की अधिनियम लागू किया गया है।

ईज ऑफ डूईंग बिजनेस कार्यक्रम में राज्य देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों के साथ शीर्ष राज्यों में सम्मिलित है। एक ओर जहां बड़े निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सरकार प्रयास कर रही है वहीं दूसरी ओर स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए राज्य के युवाओं विशेषकर कोविड–19 से प्रभावित राज्य के प्रवासियों के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना तथा नैनों स्वरोजगार योजना लागू की गयी है।

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदान की वित्तीय स्वीकृति

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य सैक्टर से पोषित नलकूप एवं नहर निर्माण मद के अंतर्गत 4 नई योजनाओं हेतु 4.67 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस सम्बन्ध में सचिव सिचांई हरिचन्द्र सेमवाल द्वारा जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि राज्य सैक्टर की नलकूप एवं नहर निर्माण मद के अन्तर्गत 4 नई योजनाओं में जनपद नैनीताल के विकासखण्ड हल्द्वानी के ग्राम हरिपुर नायक में 01 संख्या राजकीय नलकूप निर्माण की योजना हेतु 49.46 लाख रूपये, ग्राम पीपलपोखरा नं. –2 में राजकीय नलकूप के पुनर्निर्माण हेतु 49.48 लाख रूपये, ग्राम हैडागज्जर में एक सिंचाई नलकूप के निर्माण हेतु 48.32 लाख रूपये, तथा जनपद नैनीताल के विकासखण्ड हल्द्वानी के ग्राम हल्चूचौड जैराम में एक सिंचाई नलकूप के निर्माण हेतु 39.74 रूपये की वित्तीय स्वीकृति शामिल है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।